देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 26 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**कश्मीरियों को जानने का गुमान




# पेज श्री

देहरादून, सोमवार, 25 अप्रैल 2022




PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 36.0° | न्यूनतम 124.0°

41243.42

2 हवाई हमलों से घबराया तालिबान!

7 आरेंज कैप की लिस्ट में बटलर का दबदबा

# जम्मू कश्मीर में जमीनी स्तर पर पहुंचा लोकतंत्र

## पीएम बोले-जम्मू कश्मीर पूरे देश के लिए विकास की नई गाथा लिखेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। पीएम ने रविवार को जम्मू के सांबा जिले के पल्ली गांव से देश भर की ग्राम सभाओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा के जम्मू-कश्मीर विकास की नई गाथा लिख रहा है और मैं यहां केवल विकास का संदेश लेकर आया हूं। पाकिस्तान की सीमा से 25 किलोमीटर दूर से प्रधानमंत्री देश को संबोधित कर रहे थे तो कयास लग रहे थे कि वह पाकिस्तान एवं उनके पालतू आतंकियों को कड़ा संकेत देंगे। पर प्रधानमंत्री ने रैली में एक ही बार भी न पाकिस्तान का जिक्र किया और न उसका एजेंडा चलाने वालों की बात की।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश के साथ जम्मू कश्मीर के युवाओं और आम जनता की उम्मीदों व आकांक्षाओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि कश्मीर के नाम पर होने वाली सियासत की दुकानें बंद हो चुकी है। अब सिर्फ विकास व सामाजिक न्याय की बात होगी। पांच अगस्त 2019 के बाद पहली बार मोदी ने जम्मू कश्मीर में अधिकारिक तौर पर पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिया है। वह भी राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर। इसलिए यह रैली मायने रखती है। यह बात अलग है कि वर्ष 2020 और 2021 में वह सैन्यकर्मियों के साथ दिवाली मनाने जम्मू कश्मीर आ चुके हैं। आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब जम्मू कश्मीर में किसी प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पाकिस्तान और उसके नाम पर सियासत करने वालों का कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने राजनीतिक परिपवक्ता का परिचय देते हुए गैरजरूरी मुद्दों को पूरी तरह से नजरंदाज किया।

मोदी ने भारत माता के जयघोष और डोगरी भाषा में सभा में लाखों लोगों का अभिवादन करने के बाद जम्मू कश्मीर में दो-ढाई साल के दौरान हुए विकास कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर के भविष्य की तस्वीर सामने रखी, साथ ही उनके दुखों के निवारण का भरोसा भी दिलाया। उन्हों‌न कहा कि आने वाले 25 साल में जम्मू कश्मीर पूरे देश के लिए विकास की नई गाथा लिखेगा।

निवेश के माध्यम से जम्मू कश्मीर मध्य एशिया से जुड़ रहा है और भौगोलिक और आर्थिक आवश्यकताएं भी हैं कि यह देश के यूरोप तक संपर्क की राह खोले। जम्मू कश्मीर में शांति का वातावरण बहाल हो रहा है उससे यूरोप और अमेरिकी निवेश पर केंद्र सरकार का ध्यान जरूर है।

### विकास और आमजन का सशक्तीकरण है मुद्दा

जम्मू कश्मीर मामलों के विशेषज्ञ डा अजय चुरुंगु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का अगर आप इसका आकलन करें तो आप पाएंगे कि विवाद के अध्याय समाप्त हो चुके हैं। जम्मू कश्मीर में आज अगर कोई मुद्दा है तो सिर्फ विकास और आमजन के सशक्तीकरण का, रोजगार और विकास का।



### जम्मू कश्मीर के मर्ज का पूरा इलाज है

मोदी ने नौजवानों को उत्साहित कर उनमें जोश भी भरा। उनका संकेत अलगाववाद और शोषण की सियासत के साथ भ्रष्टाचार की तरफ था। उन्होंने कहा कि जब मैं एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तब हमारा फोकस कनेक्टिविटी पर होता है, दूरियां मिटाने पर भी होता है। दूरियां चाहे दिलों की हो, भाषा व्यवहार की हो या फिर संसाधनों की। इनको दूर करना आज बड़ी प्राथमिकता है।

### विकास, सुशासन, लोकतंत्र पर जोर दिया

प्रधानमंत्री ने 45 मिनट के अपने भाषण को पूरी तरह विकास,सुशासन, लोकतंत्र और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित रखा, उसे ध्यानपूर्वक सुनने और समझने के बाद इसमें किसी को संदेह नहीं रह जाता कि उन्होंने लोगों की नब्ज को पहचानने के बाद ही बात रखी है। उन्होंने परिसीमन, अनुश्छेद 370, आतंकी हिंसा, हुर्रियत, नेकां, पीडीपी और पाकिस्तान का जिक्र नहीं किया। उन्होंने प्रदेश में वाल्मीकी समुदाय के लोगों को पहली बार देश के अन्य नागरिकों के समान नागरिकता अधिकार मिलने, जम्मू कश्मीर में 175 केंद्रीय कानूनों के लागू होने, आरक्षित वर्गों को आरक्षण का लाभ मिलने का जिक्र करते हुए बताया कि पांच अगस्त 2019 से पहले और आज के जम्मू कश्मीर में क्या अंतर है।

## संक्षिप्त समाचार

### मौसम में अगले 5 दिनों में दिखेगा बड़ा बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में दो दिन पहले शुरू हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने लगा है। अब सूरज की तेज चमक पसीना निकाल देगी। रविवार से गर्मी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। रविवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 41 जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। लू भी परेशान करेगी। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को आसमान तो साफ रहेगा।

### देश में फिर बढ़ी कोरोना मामलों की रफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना मामलों की रफ्तार एक बार फिर से फ्रंट गेयर में आ गई है। बीते कई दिनों से देश के ज्यादातर राज्यों में कोरोना के मामलों में तेजी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटों में 2,593 नए केस सामने आए हैं। वहीं 1755 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हुए हैं।

# राज्य में रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा: सीएम

## केंद्र से भी राज्य को मिल रहा पूरा सहयोग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में पांचजन्य संवाद कार्यक्रम में कहा कि उत्तराखंड को 2025 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। 05 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री केदारनाथ की भूमि पर कहा कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार से भी राज्य को हर क्षेत्र में पूरा सहयोग मिल रहा है। राज्य में चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है, इस वर्ष लाखों श्रद्धालुओं के चारधाम यात्रा पर आने की संभावना है। अब तक जितने श्रद्धालु उत्तराखंड आए हैं, उससे कई गुना अधिक श्रद्धालु 10 सालों में देवभूमि उत्तराखंड आयेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर चुनाव से पूर्व किए अपने वायदे को पूरा करने की दिशा में हमने महत्वपूर्ण कदम उठाया। सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के लिये विशेषज्ञों की समिति बनाई जाएगी। न्यायविदों, सेवानिवृत्त जजों, समाज के प्रबुद्ध जनों और अन्य स्टेकहाल्डर्स की एक कमेटी गठित की जाएगी जो कि उत्तराखण्ड राज्य के लिये यूनिफार्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करेगी मुख्यमंत्री ने कहा की उत्तराखण्ड की संस्कृति एवं शांतिपूर्ण वातावरण को बनाए रखने के लिये जरूरी है कि अराजक तत्व राज्य में प्रवेश न कर पाए। उन्होंने प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर नागरिकों का सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। देवभूमि उत्तराखंड धर्म एवं अध्यात्म का केंद्र है। इसके साथ ही राज्य में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### चलाई जा रही अनेक योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा की राज्य में रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी पहाड़ के काम आए, इसके लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में सरकारी क्षेत्र में भर्ती प्रक्रियाएं तेजी से चल रही है साथ ही लोगों को स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

# उत्तराखण्ड में विकराल हुई जंगलों की आग

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के जंगलों में पंद्रह फरवरी से शुरू हुए फायर सीजन में अभी तक आग लगने की एक हजार से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। सबसे अधिक पांच सौ से अधिक घटनाएं कुमाऊं मंडल में हुई हैं।

वन विभाग का मानना है कि जंगल की आग से विभाग को करीब 42 लाख के आसपास नुकसान हो चुका है। आग से वन्य जीव जैंसे संवदेनशील क्षेत्र भी अछूते नहीं हैं। वाइल्ड लाइफ रिजर्व एरिया में अभी तक आग लगने की 61 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। वन्य जीव एरिया में आग लगने का ये अभी तक का सबसे अधिक आंकड़ा है। इसने वन्य जीव प्रेमियों के साथ ही वन विभाग की भी चिंता बढ़ा दी है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों में प्रदेश के आठ जिले आग से सबसे अधिक प्रभावित हैं। जिनमें अल्मोड़ा जिला सबसे टॉप पर है। उसके बाद पिथौरागढ़ और तीसरे स्थान पर पौड़ी जिला है, जो आग से सबसे अधिक प्रभावित है। बागेश्वर, चमोली, टिहरी, उत्तरकाशी, चंपावत भी संवेदनशील जिलों में शामिल हैं। आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु ने इन सभी आठ जिलों के डीएम को पत्र लिखकर आग पर काबू पाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा है। प्रमुख सचिव ने कहा है कि केवल वन विभाग के द्वारा ही आग पर कंट्रोल कर पाना संभव नहीं है।

डीएम से अपेक्षा की गई है कि वे इसमें राजस्व और पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लें। जरूरत पड़ने पर संबधित सभी विभागों, संस्थाओं और सेना व अर्धसैनिक बलों का भी सहयोग लिया जाए। इसके अलावा प्रमुख सचिव ने इन संवेदनशील जिलों में वन विभाग को पर्याप्त स्टॉप की तैनाती करने के भी निर्देश जारी किए हैं।

### अलर्ट

■अभी तक आग लगने की एक हजार से अधिक घटनाएं हो चुकी


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# देश की ताकत में योगदान दे रही खेल शक्ति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि खेल की शक्ति देश की ताकत में योगदान दे रही है। मोदी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2021 के उद्घाटन के मौके पर वीडियो संदेश में कहा, खेल शक्ति भारत की शक्ति बनती जा रही है और खेलों में पहचान देश की पहचान बन रही है।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को पीएम मोदी ने दी बधाई

इन खेलों को पहले पिछले साल आयोजित किया जाना था लेकिन कोरोना के कारण इसका आयोजन नहीं हो सका।

प्रधानमंत्री ने कहा कि टोक्यो ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले एथलीटों के चेहरों पर खुशी केवल पदक जीतने की नहीं बल्कि देश के लिए खेलने की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का होना इस खूबसूरत शहर की उर्जा को और बढ़ाएगा। मैं कर्नाटक सरकार को इन खेलों के आयोजन के लिए बधाई देता हूं। ग्लोबल पेंडेमिक की तमाम चुनौतियों के बीच ये खेल भारत के युवाओं के दृढ़ संकल्प और जज्बे का उदाहरण है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए आप सभी को बहुत बहुत बधाई।